## पुरानी रंजिश को लेकर किशोर की हत्या कर शव को फेंका कुएं में

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 18 सितम्बर, रीवा जिले के सगरा थाना क्षेत्र में पांच दिनों से लापता 17 वर्षीय किशोर का शव गांव के ही एक कुएं में पत्थर से बंधा हुआ मिला है. पुरानी रंजिश के चलते ही पड़ोस के ही रहने वाले पांच युवकों ने मिलकर इस हत्याकांड को अंजाम दिया था.**

पुलिस ने घटना में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है जबकि पांचवे आरोपी की तलाश की जा रही है. युवक के लापता होने के बाद परिजनों ने अपहरण की आशंका जताते हुए पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसकी तलाश पुलिस कर रही थी, लेकिन उसकी लाश बुावार की शाम कुएं में उतराती मिली. दरअसल 12 सितंबर को रीवा जिले के सगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कपुरी गांव का रहने वाला 17 वर्षीय अर्पित विश्वकर्मा पिता सूर्यप्रकाश विश्वकर्मा रात में अपने घर से बाहर निकला था, लेकिन वो लापता हो गया था. परिजनों ने अपने बेटे की अपहरण की आशंका जताते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी. जब उसका कहीं पता नहीं चला, तो पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए एसपी कार्यालय पहुंचकर हंगामा भी किया था. परिजनों ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर अपने बेटे को जल्द से जल्द ढूंढने की गुहार लगाई थी. पहले से ही परिजनो को पड़ोसी युवको पर संदेह था जो घटना को अंजाम दिये है.

### घर से कुछ दूर मिला कुएं में शव

पुलिस किशोर की तलाश कर रही थी इसी दौरान बुधवार की शाम किशोर के घर से कुछ ही दूर गांव के एक कुएं में उसका शव मिला, जिसके बाद हड़कंप मच गया. किशोर की हत्या कर उसके शव में पत्थर बांधकर उसकी लाश छुपाने के उद्देश्य से कुएं में फेंक दिया गया था. स्थानीय लोगों ने जब कुएं में शव देखा तो इसकी जानकारी पुलिस को दी. जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कुएं से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया. सीएसपी राजीव पाठक ने बताया कि पड़ोस में ही रहने वाले पांच युवको ने वारदात को अंजाम दिया. दरअसल मृतक ने आरोपियों के साथ मारपीट की थी, जिसका बदला लेने के लिये गला घोटकर और धारदार हथियार से मार कर हत्या कर दी और शव को मृतक के गमछे में पत्थर बांध कर कुएं में डाल दिया. पकड़े गये आरोपियों ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है. चार आरोपी गिरफ्तार किये गये है जबकि एक फरार है, जिसकी तलाश चल रही है.

# रीवा को स्वास्थ्य के क्षेत्र में नंबर-1 बनाना है : शुक्ल

## उप मुख्यमंत्री ने जिला चिकित्सालय को 300 बिस्तर का किए जाने की घोषणा की, नवनिर्मित ओपीडी भवन का लोकार्पण

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 18 सितम्बर, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा को स्वास्थ्य के क्षेत्र में नंबर-एक बनाना है. अधोसंरचनाओं की पूर्ति कराकर, मशीनों एवं चिकित्सकों व चिकित्सकीय स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जा रही है. उन्होंने जिला चिकित्सालय को 300 बिस्तर का किये जाने की घोषणा की. उप मुख्यमंत्री ने जिला चिकित्सालय में 8 करोड़ 88 लाख रूपये की लागत से निर्मित नवीन ओपीडी सहित 13 करोड़ 65 लाख रूपये से बनाये गये चिकित्सालय विस्तार भवन व कनेधक्टग कॉरीडोर का लोकार्पण किया.**



कुशाभाऊ ठाकरे जिला चिकित्सालय में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मरीजों के लिये चिकित्सक भगवान के समान है. इसी प्रकार डॉक्टर को भी मरीज को भगवान मानकर इलाज करना चाहिए तभी वह सफल चिकित्सक होगा. उन्होंने कहा कि नवनिर्मित ओपीडी में मरीजों एवं उनके परिजनों की सुविधा के लिये संकेतक लगाये साथ ही रिसेप्शन में सभी को उचित परामर्श व जानकारी उपलब्ध हो तथा साफ-सफाई बेहतर रहे. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सेवा पखवाड़े में स्वस्थ नारी सशक्त समाज को प्राथमिकता दी गई है अत: सभी गर्भवती महिलाओं की समय-समय पर जांच की जाय और उन्हें चिकित्सकीय उपचार मुहैया हो. उन्होंने आश्वस्त किया कि अस्पतालों में संसाधनों व स्टाफ की कमी नहीं रहेगी. रीवा सभी क्षेत्रों में तेजी से विकास की ओर अग्रसर है. आने वाले दो माहो में रीवा प्रदेश का पहला संभागीय मुख्यालय होगा. जिस तरह के चारो ओर रिंग रोड़ होगी. संविदाकार जाकिर हुसैन ने उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला एवं सांसद जनार्दन मिश्रा को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया. प्रगति प्रतिवेदन कार्यपालन यंत्री हाउसिंग बोर्ड अंनुज प्रताप सिंह व पीआईयू के दयाशंकर त्रिपाठी द्वारा प्रस्तुत किया गया. पुर्नधनत्वीकरण योजनान्तर्गत तीन मंजिल ओपीडी का निर्माण हाउसिंग बोर्ड द्वारा कराया गया है. जबकि विस्तार भवन व कनेधक्टग कॉरीडोर का निर्माण पीआईयू द्वारा किया गया है. कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, श्रीमती माया सिंह, महामंत्री राजेश पाण्डेय, राजेन्द्र ताम्रकार, विवेक दुबे, केके गर्ग, पार्षद मनीष नामदेव, राजगोपाल चारी, अनिल पटेल, उपायुक्त हाउसिंग बोर्ड आर.के. वर्मा, सहायक यंत्री हिमांशु वर्मा, केके जैन उपस्थित रहे



### स्वास्थ्य सुविधाओं में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है : जर्नादन

इस अवसर पर सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि उप मुख्यमंत्री जी के प्रयासों से रीवा एवं प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है. सर्वसुविधायुक्त ओपीडी जिला चिकित्सालय को मिला है. उन्होंने संसाधनों के समुचित उपयोग व निरीक्षण की अपेक्षा चिकित्सकीय अधिकारियों से की. श्री मिश्र ने कहा कि हमारा देश आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है और चिकित्सा के क्षेत्र में प्रदेश में सभी आवश्यक जरूरतों की पूर्ति की जा रही है. कार्यक्रम में पूर्व मंत्री पुष्पराज सिंह ने कहा कि उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने रीवा के हर क्षेत्र में समदृष्टि रखकर विकास किया है. विन्ध्य व रीवा विकास की ओर अग्रसर है जिसमें उप मुख्यमंत्री जी की महत्वपूर्ण भूमिका है. इससे पूर्व सीएमएचओ डॉ. संजीव शुक्ला ने स्वागत उद्बोधन दिया.

## गौ माता की उपेक्षा से मानव जाति पर अदृश्य समस्याएं आती हैं : शुक्ल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि गौमाता की उपेक्षा से मानव जाति पर अदृश्य समस्यायें आती हैं. जब




गौमातायें सड़कों पर रहें या खेतों में किसान डंडे मारकर बाहर करें यह दृश्य बहुत ही पीड़ा दायक है. गौमाताओं के संरक्षण के लिए ही गौधाम का निर्माण कराया गया है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा पर्व आयोजन के तहत हिनौती गौधाम में वृहद वृक्षारोपण किया गया. उप मुख्यमंत्री ने आम, अमरूद के पेड़ लगाये. हिनौती गौधाम में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि गौमाता का संपूर्ण शरीर पूज्यनीय व पवित्र है. यहां तक कि उनका गोबर व मूत्र भी पूजन के कार्य आता है. उन्होंने कहा कि आने वाले समय में दूध न देने वाली गौमाताओं के गोबर व मूत्र से गौधाम को लाखों की आमदनी होगी. गौधाम को रेवेन्यू माडल के तहत आत्मनिर्भर बनाया जायेगा. कार्यक्रम में सांसद जनार्दन मिश्र, विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति, नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, जनपद अध्यक्ष गंगेव विकास तिवारी, मुख्य वन संरक्षक राजेश राय, गौसंवर्धन बोर्ड के पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजेश पाण्डेय, राजगोपाल मिश्रचारी, संयुक्त संचालक पशुपालन डॉ. डीएस बघेल, उपस्थित रहे.

### संक्षिप्त

#### प्रो. पांडेय विवि के प्रबंध मंडल में सदस्य मनोनीत



**रीवा,** कृषि महाविद्यालय रीवा म प्र के पूर्व अधिष्ठाता डॉ एसके पांडेय को राज्यपाल ने नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के प्रबंध मंडल का सदस्य मनोनीत किया है. डॉ पांडेय की इस उपलब्धी पर कृषि महाविद्यालय रीवा एवं कृषि विज्ञान केंद रीवा के प्राध्यापकों, वैज्ञानिकों एवं कर्माचारियों में हर्ष व्यापत है. मनोनयन से पशुपालन एवं पशु चिकित्सा क्षेत्र का उन्नयन एवं विकास होगा. पूर्व अधिष्ठाता की इस उपलब्धि के लिए जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलपति डॉ पीके मिश्रा, कृषि संकाय प्रमुख डॉ धीरेन्द्र खरे, संचालक विस्तार सेवाए डॉ डीपी शर्मा, संचालक शोध सेवाएं डॉ जीके कौतू, कुलसचिव डॉ एके जैन, संचालक शैक्षणिक डॉ अभिषेक शुक्ला के साथ साथ कृषि महाविद्यालय रीवा के अधिष्ठाता डॉ एसके त्रिपाठी, डॉ आरके तिवारी, डॉ बीएम मौर्या, डॉ आरपी जोशी, डॉ एके पांडेय, ए एस चौहान, डा एस एम कुर्मबंशी, डॉ टीके सिंह, डॉ राजेश सिंह, डॉ अखिलेश कुमार, डॉ बीके तिवारी, डा एके गिरी, डॉ वीडी द्विवेदी, डॉ सुधांशु पांडेय, सुधीर सिंह, हरीश द्विवेदी, दिनेश विक्रम सिंह, एमके मिश्रा, गुलाब सिंह, डीडी पटेल ने हर्ष व्यक्त किया.



#### चंचल द्विवेदी की हुई कांग्रेस में वापसी

**रीवा,** छात्र जीवन से कांग्रेस में राजनीति करने वाले चंचल द्विवेदी उर्फ कश्यप नंदन की घर वापसी हुई है. देवतालाब विधानसभा क्षेत्र के रहने वाले चंचल द्विवेदी भाजपा में चले गए थे. कुछ दिन तक भाजपा में रहने के बाद वापस घर वापसी हुई. बुधवार को पद्मधर पार्क में आयोजित कांग्रेस महासम्मेलन के दौरान चंचल ने प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के हाथो कांग्रेस में वापसी की और अब कांग्रेस में ही रहकर पार्टी को मजबूत बनाने के साथ देवतालाब क्षेत्र की जनसमस्याओं को लेकर संघर्ष करेगे. अपने आधा सैकड़ा साथियों के साथ चंचल कांग्रेस में शामिल हुए.

#### नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर कल भिटवा में

**रीवा,** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किये जा रहे सेवा पखवाड़ा अन्तर्गत जिला प्रशासन द्वारा 20 सितंबर को नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर हरिजन बस्ती भिटवा शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित किया गया है. शिविर में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल उपस्थित रहेंगे. शिविर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होगा. सीएमएचओ डॉ. संजीव शुक्ला ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा रोगियों का नि:शुल्क परीक्षण कर दवाई का वितरण किया जायेगा.

#### राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता 22 से

**रीवा,** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 22 से 26 सितम्बर तक रीवा में राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है. इसमें 17 वर्ष तक की आयु के बालक और बालिका वर्ग में वालीबाल की प्रतियोगिता होगी. इसके सभी मैच शासकीय उत्कृष्ट मार्तण्ड उमावि क्रमांक एक और क्रमांक तीन के मैदान में खेले जाएंगे. प्रतियोगिता के उद्घाटन और समापन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे.

#### प्रभारी अधिकारी नियुक्त

**रीवा,** कलेक्टर संजय कुमार जैन ने मऊगंज जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों व सिविल अस्पताल के सुचारू संचालन, पर्यवेक्षण, स्वच्छता व विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन व समस्याओं के निदान के लिए डिप्टी कलेक्टर पवन गुरैया को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया है.




## बम्हनी अजमेर में अधिक दाम में खाद बेचने वाली दुकान सील

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 18 सितम्बर, जिले में निजी विक्रेताओं द्वारा खाद की बिक्री पर लगातार निगरानी की जा रही है. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल द्वारा तैनात राजस्व और कृषि विभाग के अधिकारी खाद बिक्री की सतत निगरानी कर रहे हैं.**

इस क्रम में एसडीएम सिरमौर दृष्टि जायसवाल तथा नायब तहसीलदार राजेश तिवारी ने सेमरिया तहसील में ग्राम बम्हनी अजमेर में दुकान का निरीक्षण किया. आरपीसीएल एग्रो एण्ड लॉजिस्टिक दुकान से 321 बोरी बीस बीस तेरह खाद जप्त की गई. दुकानदार द्वारा 1300 रुपए मूल्य की खाद किसानों को 1600 रुपए में बेंची जा रही थी. एसडीएम सिरमौर ने राजस्व और कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश देकर दुकान को सीलबंद कराया. सेमरिया तहसील में लगातार दूसरे दिन खाद की अवैध बिक्री पर कार्यवाही की गई. तहसील में 17 सितम्बर को भी दो दुकानों को अनियमितता पाए जाने पर सीलबंद किया गया.

### दिशा समिति की बैठक 22 को

जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की द्वितीय त्रैमास बैठक 22 सितंबर को सांसद श्री जनार्दन मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित की गयी है. कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में सुबह 10 .30 बजे से आयोजित बैठक में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, जल जीवन मिशन आदि की समीक्षा होगी.

## 1345 किसानों को बांटी गयी 161 मीट्रिक टन खाद

**रीवा, 18 सितम्बर,** जिले के डबल लॉक केन्द्रों तथा सहकारी समितियों से किसानों को खाद दी जा रही है. वितरण केन्द्रों में किसानों को ऋण पुस्तिका के आधार पर टोकन दिया जाता है. टोकन में दर्ज दिनांक को किसान निर्धारित मात्रा में खाद संबंधित केन्द्रों से प्राप्त कर रहे हैं. आज 18 सितंबर को डबल लॉक केन्द्रों के माध्यम से 1345 किसानों को 161 मीट्रिक टन यूरिया खाद का वितरण किया गया. डबल लॉक केन्द्र चाकघाट में 180 किसानों को 24 मीट्रिक टन, उमरी में 385 किसानों को 35 मीट्रिक टन तथा जवा में 268 किसानों को 54 मीट्रिक टन तथा चोरहटा में 512 किसानों को 48 मीट्रिक टन खाद का वितरण किया गया. अभी चाकघाट में 49.845 मीट्रिक टन, गुढ़ में 26.235 मीट्रिक टन, जवा में 40.745 मीट्रिक टन, चोरहटा में 131.15 मीट्रिक टन तथा उमरी में 83.80 मीट्रिक टन यूरिया खाद उपलब्ध है. मऊगंज जिले में 18 सितंबर को 391 किसानों को 59 मीट्रिक टन खाद का वितरण किया गया. डबल लाक केन्द्र मऊगंज में 181 किसानों को 24 मीट्रिक टन तथा हनुमना में 210 किसानों को 35 मीट्रिक टन खाद का वितरण किया गया.

## श्रीयुत प्रतिमा अनावरण पर महापौर अजय मिश्रा ने जताया अभार

**नवभ्झारत न्यूज**

**रीवा, 18 सितम्बर, मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं कद्दावर नेता रहे श्रीयुत श्रीनिवास तिवारी की 100वीं जयंती पर विंध्य शिरोमणि श्रीनिवास तिवारी की 17 सितम्बर को प्रतिमा का अनावरण हुआ.**



श्रीयुत श्रीनिवास तिवारी की प्रतिमा के अनावरण के सफल आयोजन के लिए नगर पालिक निगम रीवा के महापौर अजय मिश्रा बाबा ने जिला प्रशासन, नगर पालिक निगम के समस्त पार्षदों, अधिकारियों, कर्मचारियों, जिलाध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा व शहर अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू सहित समस्त पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं संभाग व जिले के समस्त कार्यकर्ताओं व आम जनमानस के प्रति कार्यक्रम को सफल बनाने मे महत्वपूर्ण भूमिका के लिए आभार ज्ञापित किया हैं. श्री मिश्रा ने प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से सहयोग करने वाले का भी आभार व्यक्त किया है.

श्री मिश्रा ने इंजी. रवि मिश्रा, इंजी. नवीन मिश्रा प्रतिमा के मूर्तिकार देवेन्द्र सिंह बाउनी एवं प्रतिमा स्थापना मे दिन रात परिश्रम करने वाले कारीगरों एवं श्रमिकों के प्रति भी आभार ज्ञापित किया. श्री मिश्रा ने आगे कहा कि यह महान कार्य मेरे अकेले के बस की बात नही थी बल्कि सामूहिक प्रयासों से ही यह संभव हो पाया हैं.

## अच्छेलाल साहू को किया जिला बदर

**रीवा, 18 सितम्बर,** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मऊगंज संजय कुमार जैन ने अच्छेलाल साहू निवासी घोघम थाना हनुमना को एक वर्ष की अवधि के लिए मऊगंज एवं मऊगंज से लगे सीमावर्ती जिले सीधी व रीवा की राजस्व सीमाओं से एक वर्ष की अवधि हेतु निष्कासित करने का आदेश जारी किया है. अपने आदेश में उन्होंने 48 घण्टे के अंदर अच्छेलाल साहू को जिले की सीमाओं से बाहर चले जाने का उल्लेख किया है. उल्लंघन पर कार्यवाही होगी.

## प्रेमी के साथ लुटेरी बनी छात्रा, चेन लूट के तीन आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 18 सितम्बर, सिटी कोतवाली थाना अन्तर्गत तीन दिन पूर्व वृद्धा से चैन लूटने वाले आरोपियो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, वारदात में एक युवती भी शामिल है. आरोपियों के पास से लूटी गई चैन एवं मोटर साइकल बरामद की गई. पूंछताछ के बाद आरोपियो को न्यायालय में पेश किया गया.**

दरअसल प्रेमी के चक्कर में जीडीसी कालेज की छात्रा लुटेरी बन गई. प्रेमी के साथ मिलकर चैन स्नेचिंग की वारदात को अंजाम दिया. आरोपियों ने मंहगे शौक पूरी करने वारदात को अंजाम दिया था और लूटने के बाद चैन के तीन टुकड़े कर आपस में बांट लिये थे. चैन स्नेचिंग की वारदात के बाद पुलिस ने तीन दिन के अंदर आरोपियो को धरदबोचा. कई सीसीटीवी खंगालने के बाद पुलिस आरोपियों तक पहुंच पाई. थाना प्रभारी श्रृंगेश राजपूत सिटी कोतवाली ने बताया कि फरियादी कुसुम नामदेव उम्र 70 वर्ष निवासी पाण्डेन टोला 15 सितम्बर को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट लेख कराई कि वह अपना इलाज कराने संजय गाँधी अस्पताल गई थी. इलाज कराने के बाद पैदल पाण्डेन टोला घर तरफ आ रही थी. समय दोपहर करीबन 02.30 बजे एक व्यक्ति मेरे गले मे पहनी हुई सोने की चैन को गले से खींचकर सामने खड़ी एक मोटर सायकल से भाग गया. मोटर साइकल में एक महिला एवं एक पुरुष बैठे थे. मामला पंजीबद्ध कर घटनास्थल के आस पास के सभी साक्ष्यो को एकत्रित कर तकनीकी माध्यम से संदेही विवेक उर्फ गोलू बेलदार पिता संतोष बेलदार निवासी पाण्डेन टोला एवं अभिषेक महात्मा उर्फ जीजा पिता बलराम महात्मा को गिरफ्तार किया गया. पूछताछ में अपने महिला मित्र अर्पिता रावत पिता शंकर लाल रावत उम्र 20 वर्ष निवासी लउआ लक्ष्मणपुर थाना सगरा के साथ मिल कर लूट की घटना काले रंग की बुलट मोटर सायकल से करना कबूल किया. आरोपीगण के पास से लूटी गई चैन के तीन टुकडे एवं घटना मे प्रयुक्त बुलट मोटर सायकल को बरामद किया गया. आरोपियों से पूंछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया गया है.

## रोजगार मेले में 444 बेरोजगार युवाओं को मिला रोजगार

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 18 सितम्बर, युवा संगम कार्यक्रम के तहत शिक्षण संस्थाओं में रोजगार मेलों का प्रतिमाह आयोजन किया जा रहा है.**



संभागीय आईटीआई रीवा में रोजगार मेला आयोजित किया गया. मेले में 801 आवेदकों ने पंजीयन कराया. मेले में शामिल 18 कंपनियों ने 444 युवाओं का चयन किया. उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में जीएमसीसी मीडिया इंडिया प्रा.लि. पुणे महाराष्ट्र ने 20, टोयटा टूसो इंडिया प्रा. लि. सानन्द गुजरात ने 16, डी एण्ड एच सेचरोन कंपनी इंदौर (आईसेक्ट) ने 43, विनप्रेज इन्फो मीडिया प्रा.लि. मैहर ने 12, अलर्ट एसजीएस प्रा. लि. रायपुर छत्तीसगढ़ ने 16, बजाज ऑटो लिमि. पुणे महाराष्ट्र ने 64, आमधनी प्रा. लि. (अपोलो टायर्स) गुजरात ने 10, भारतीय जीवन बीमा निगम रीवा ने 8, मिग्मा पैकट्रॉन प्रा. लि. रीवा ने 23, एच.डी.एफ.सी. लाईफ इश्योरेन्स कम्पनी लिमि. रीवा ने 43, प्रगतिशील बॉयोटेक प्रा.लि. सवेरा सतना ने 25, स्वतंत्र माइक्रोफिन प्रा.लि. भोपाल ने 8, प्रभा बायोप्लांट्स प्रा. लि. भोपाल ने 30, विन्ध्या टेलीलिंक लि. चोरहटा रीवा ने 15, प्रगतिशील एग्रोटेक प्रा.लि.रीवा ने 16, उन्नति एग्रोटेक रामवन सज्जनपुर सतना ने 11, फ्लिप कार्ट रीवा ने 37 तथा प्रगतिशील बायोटेक प्रा. लि. रीवा ने 47 युवाओं का चयन किया. इस दौरान अधिकारी मौजूद रहे.

## छापामार कर 7 बाल श्रमिकों को कराया गया मुक्त, नियोजकों पर प्रकरण दर्ज

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 18 सितम्बर, रीवा जिले में बाल श्रम नियोजन के विरुद्ध विशेष अभियान के तहत जिला स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा बड़े पैमाने पर छापामार कार्यवाही की गई.**



पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान के मार्गदर्शन में चलाए गए इस अभियान में विशेष किशोर पुलिस इकाई, श्रम विभाग एवं सामाजिक संगठनों की संयुक्त टीम शामिल रही. कार्यवाही के दौरान खन्ना चौराहा, सिरमौर चौराहा और ढेकहा क्षेत्र में संचालित वाहन रिपेयरिंग एवं कार वॉशिंग दुकानों पर छापा मारा गया. यहां कुल 7 बाल एवं किशोर श्रमिकों को नियोजित पाया गया. सभी बच्चों को तुरंत मुक्त कराकर बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां से उन्हें बाल गृह भेज दिया गया है. जिन दुकानदारों व नियोजकों द्वारा बालकों को कार्य में लगाया गया था, उनके विरुद्ध बाल एवं कुमार श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम 1986 एवं संशोधित अधिनियम 2017 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है. इस अभियान में उप निरीक्षक विशेष किशोर पुलिस इकाई श्रीमती मिथिलेश यादव, श्रम पदाधिकारी प्रिया अग्रवाल, श्रम निरीक्षक सुशील मौजूद रहे.

## मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक आज

**रीवा, 18 सितम्बर,** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में मान्यता राजनैतिक दलों की बैठक 19 सितंबर को दोपहर 12.30 बजे से कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित की गयी है. बैठक में आगामी निर्वाचक नामावली के गहन/संक्षिप्त पुनिरीक्षण के संबंध में की जाने वाली कार्यवाहियों पर चर्चा की जायेगी.